कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) शाहजहॉपुर।

ए–16, गार्डन स्टेट (साउथ सिटी के सामने), निकट बरेली मोड़, शाहजहाँपुर–242001

दूरभाष संख्या–7068698568 Email- ee.upjngramin.spn@gmail.com

पत्रांक 3702 / डब्ल्यू0एस0–17 / 2792, दिनांक : 18.07.2025

निरीक्षण आख्या

दिनांक 17.07.2025 को श्री वीर विक्रम सिंह ''प्रिंस'' मा0 विधायक 131 कटरा, शाहजहाँपुर द्वारा ग्राम पंचायत सुरजूपुर पाइप पेयजल योजना, विकास खण्ड जैतीपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अधोहस्ताक्षरी सहित, श्री पंकज गंगवार, सहायक अभियन्ता, जल निगम, श्री चेतन कुमार, जूनियर इंजीनियर, श्री लक्ष्यदीप त्यागी (डी0पी0एम0), श्री अंजिल शुक्ला, श्री हरेन्द्र, टी0पी0आई0ए0, श्री दीपेन्द्र सिंह (डिस्ट्रिक्ट कोऑडिनेटर), श्रीमती स्वपनिल मिश्रा (आई0एस0ए0/आई0ई0सी0 कोऑडिनेटर), मै0मेधज (डी0पी0एम0यू0), फर्म मै0एन0सी0सी0 लिमिटेड के श्री पी0वी0एस0 कृष्णा (सहायक महाप्रबन्धक) एवं सम्बन्धित साईट इंजीनियर, एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। निरीक्षण आख्या निम्नानुसार है–

1– सुरजूपुर पेयजल योजना, ब्लाक जैतीपुर–

कार्य	प्रस्तावित	प्रगति
1–ट्यूबवेल	1 No.	100%
2–एफ0एच0टी0सी0	550 Nos.	530 Nos.
3–पाइप लाइन	5.52 Km	100%
4–पम्प हाउस	1 No.	100%
5–शिरोपरि जलाशय	1 No. (175 Kl/12 M)	100%
6–सोलर पैनल	19 KW	100%

निरीक्षण के दौरान निम्न स्थिति पायी गयी–

1. निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों के द्वारा अवगत कराया गया कि शिरोपरि जलाशय परिसर के सामने एक गली में पाइप लाइन नहीं डाली गयी है, जिसपर मै0एन0सी0सी0 के प्रतिनिधि के द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त पाइप लाइन डी0पी0आर0 ड्राइंग में दर्शायी नहीं गयी है। मै0एन0सी0सी0 लिमिटेड के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि ड्राइंग में संशोधन कर प्रश्नगत पाइप लाइन विछा दी जाये।
2. उक्त ग्राम की दो गलियों में जलापूर्ति वाधित पायी गयी, जिसको शीघ्र सुचारू रूप से प्रारम्भ किये जाने हेतु निर्देश दिये गये।
3. हनुमान मन्दिर एवं बाबा जी की मढ़ी पर गृह संयोजन की मांग की गयी है। उपरोक्त दोनों पेयजल गृह संयोजनों को शीघ्र कराये जाने हेतु मै0एन0सी0सी0 लिमिटेड के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये।
4. शिरोपरि जलाशय परिसर के पास वाली गली में सड़क की पुर्नस्थापना कुछ जगहों पर बैठी हुई पायी गयी, जिसकी शीघ्र पुर्नस्थापना किये जाने के निर्देश दिये गये।
5. ग्रामीण श्री शैलेन्द्र सिंह पुत्र श्री हरवीर पाल सिंह व अन्य पाँच ग्रामीणों के यहां गृह संयोजन का कार्य नहीं किया गया है। प्रश्नगत 06 नग पेयजल गृह संयोजन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु मै0एन0सी0सी0 लिमिटेड को निर्देशित किया गया।
6. ग्रामीणों द्वारा कुछ गृह संयोजनों में लीकेज की शिकायत की गयी, जिसकी भी शीघ्र मरम्मत किये जाने हेतु फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया।

उक्त वर्णित कमियों के कारण मा0 विधायक महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया गया तथा इन्हें शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये तथा मुख्य विकास अधिकारी महोदया को भी दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया गया।

फोटोग्राफ–

(सनी सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक :

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, श्री वीर विक्रम सिंह ''प्रिंस'' मा0 विधायक 131 कटरा, शाहजहाँपुर।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
4. मै0 बी0एल0जी0 (टी0पी0आई0ए0), शाहजहाँपुर।
5. मै0एन0सी0सी0 लिमिटेड, शाहजहाँपुर.।

अधिशासी अभियन्ता